## संक्षिप्त

### स्वास्थ्य परामर्श शिविर आज

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा कुशालगढ द्वारा आज गुरूवार को भगवती पैलेस उदेई मोड गंगापुर सिटी में प्रात 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर लगाया जावेगा। कार्यक्रम संयोजक संजय ठीकरिया ने बताया कि नारायण हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया जायेगा जिसमें डॉक्टर अभिनव गुप्ता पेट आंत एवं लिवर रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर शुभम शर्मा स्वास्थ्य एवं फेफडा रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर योगेश अग्रवाल मस्तिष्क एवं तंत्रिका रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सुनील शर्मा हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर कुशाग्र कौशिक जोड एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जावेगा। कार्यक्रम सहसंयोजक कपिल गौतम ने बताया कि। परामर्श के साथ निशुल्क जांच भी कराई जाएगी एवं विशेष जांच पर 6०त्न की छूट दी जावेगी। कार्यक्रम सहसंयोजक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि सभी मरीजों को निशुल्क दवा दी जावेगी। शिविर में रजिस्ट्रेशन के लिए मो. नंबर पर 8696945445 ,82०9136283पर अपना पंजीकरण करवा सकते है।

### शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। लॉयन्स क्लब प्रान्त 3233 ई-1 की प्रथम केबिनेट मीटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह 23 व 24 अगस्त को प्रान्तपाल लॉयन सुधीर वाजपेयी की अध्यक्षता में हुआ। केबिनेट मीटिंग में लॉयन दिनेश सिंहल पत्रकार द्वारा एमजेएफ बननें पर लॉयन सी.एस. तोमर द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। केबिनेट मीटिंग में पीडित मानव की सेवा एवं लॉयन सदस्यो की वृद्धि करनें पर चर्चा की गई साथ ही मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के दो हिस्सों को विभाजन करनें के निर्णय को सर्वसम्मति से पारित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथी प्रवीण छाजेड पूर्व इन्टरनेशनल डायरेक्टर थे। उन्होने रीजन चैयरपर्सन,जोन चैयरपर्सन, सह प्रान्तपाल प्रथम सह प्रान्तपाल द्वितीय एवं केबिनेट सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। गंगापुर सिटी लॉयन्स क्लब केबिनेट सदस्य लॉयन दिनेश सिंहल पत्रकार एरिया लीडर जोन चैयरपर्सन लॉयन डॉ. निर्मल शर्मा केबिनेट सदस्य लॉयन विष्णु ट्रांसपोर्ट वाले, लॉयन अवध बिहारी अग्रवाल उपस्थित थे।

### महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित


**गंगापुर सिटी**, (निसं)। महिला जागृति संस्थान की मिटिंग का आयोजन मंगलवार को जिला अध्यक्ष डॉक्टर कुसुम गुप्ता के घर पर रखा गया जिसमें डांडिया महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष डॉक्टर कुसुम गुप्ता ने बताया कि 24 सितंबर 2०25 को भगवती पैलेस में सायं 6 बजे से महिला जागृति संस्थान की महिलाओं का परिवार सहित नवरात्रा के अवसर पर डांडिया महोत्सव एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम रखने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। भव्य एवं सुंदर बनाने के लिए संयोजक मंडल बनाये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। महामंत्री ममता सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में महिला जागृति संस्थान की महिलाएं एवं उनके परिवार के सदस्य भाग लेंगे एवं सम्मान समारोह भी आयोजित किया जावेगा। संयोजक मण्डल ने बताया कि इस कार्यक्रम में पक्षी सेवा सहयोगी सीमेंट बेंच सहयोगकर्ता आदि में सहयोग करने वाले भामाशाहों का भी सम्मान किया जावेगा। मीटिंग में डॉ कुसुम गुप्ता, ममता सैनी, शीला प्रजापति,ममता जैन,मेघा जयसवाल आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

### बरगद का गिरा पेड़, हादसा टला

**करौली**, (निसं)। करौली के बारी पाड़ा क्षेत्र में नर्वदेश्वर मंदिर के पास बीती रात एक बरगद का पेड़ गिर गया। रात का समय होने के कारण वहां लोगों की आवाजाही कम थी। इस वजह से कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से स्थिति की जानकारी ली। पेड़ गिरने से सड़क पूरी तरह बंद हो गई। इससे आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय निवासियों के अनुसार यह बरगद का पेड़ काफी पुराना था। लंबे समय से इसकी शाखाएं कमजोर हो रही थीं। समय पर पेड़ की देखभाल और छंटाई न होने के कारण यह हादसा हुआ। क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद से पुराने पेड़ों की नियमित जांच की मांग की है।

# राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत हो निस्तारण : जिला कलक्टर

**भरतपुर**, (निसं)। राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों, लंबित राजस्व प्रकरणों के निस्तारण सहित विभिन्न बिंदुओं पर जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को उपखण्ड कार्यालय भुसावर में बैठक आयोजित की गई।



जिला कलक्टर ने भुसावर उपखण्ड का दौरा किया।

बैठक में जिला कलक्टर ने राजस्व वसूली के लक्ष्य अर्जित करने की दिशा में विशेष प्रयास करने और वसूली की प्रगति बढाने के निर्देश उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण एवं सीएमओ, संपर्क पोर्टल, लोकायुक्त से प्राप्त पत्रों का समय पर निस्तारण हो। उन्होंने निर्देश दिए कि पंजीयन एवं मुद्रांक वसूली प्रकरणों में प्रगति लाई जाए और मौका निरीक्षण बढाएं। ऑनलाइन म्यूटेशन के प्रकरणों का जल्द निस्तारण हो। उन्होंने निर्देश दिए कि इजराय के प्रकरणों में सभी उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदार निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोर्ट केसों के निपटारे के लिए सभी उपखण्ड अधिकारी नियमित सुनवाई करना सुनिश्चित करें, भूमि आवंटन के प्रस्ताव जल्द भिजवाए जाएं।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व से संबंधित कार्य के महत्व को देखते हुए बकाया प्रकरणों के निस्तारण व लक्ष्य अर्जित करने की कार्रवाई हो। राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों की तय समय पर प्राप्ति सुनिश्चित की जावे। उन्होंने गैर खातेदारी से खातेदारी, नामांतरण, सीमाज्ञान, राजस्व वसूली, फौजदारी प्रकरण, इजराय, सीलिंग प्रकरण, भू राजस्व अधिनियम की विभिन्न धाराओं, भूमि रूपांतरण प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर सम्पादित करने के निर्देश दिए। पंजीयन एवं मुद्रांक वसूली के प्रकरणों में गति लाने के लिए निरीक्षण किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि लोकायुक्त, सीएमओ, स्टार प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। इसके अलावा एमपी व विधायक कोष से कार्यो को शीघ्र पूर्ण करवाया जाए।

जिला कलक्टर ने निर्माणाधीन कृषि महाविद्यालय में चल रहे सिविल कार्यों का मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को सिविल कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने कॉलेज परिसर में एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत मोलसरी का पौधा लगाया।

डॉ. उदय भान सिंह ने जिला कलक्टर को कॉलेज की प्रगति एवं समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अकादमिक एवं प्रशासनिक भवन व दोनों छात्रावासों का निर्माण पूरा कर जल्द ही उद्घाटन कराया जायेगा। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी राधेश्याम मीना, तहसीलदार भुसावर अभयराज सिंह, डीन डॉ. उदय भान सिंह, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. एसएल यादव, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. आकाश तंवर, भानुप्रिया पंकज, पटवारी सोमकुमार मौजूद रहे।

## पदक जीतकर परचम लहराया

**भरतपुर**, (निसं)। विद्या भारती संस्थान जयपुर के बैनर तले जयपुर के आदर्श विद्या मंदिर केशव विद्यापीठ जामडोली में दो दिवसीय ऑल इंडिया ताइक्वांडो चौंपियनशिप आयोजित हुई। भरतपुर के शताब्दी पुरुष एवं पूर्व सांसद पंडित रामकृष्ण के सानिध्य में एवं मथुरा प्रसाद पोद्दार आदर्श विद्या मंदिर स्कूल की प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा, उप प्रधानाचार्य मंजू शर्मा, अध्यापक चंदन सिंह, अध्यापका चंचल के मार्गदर्शन में जयशंकर टाईगर क्लब भरतपुर के विजेता प्रतिभागी रौनक कोली को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया, सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर एवं भरतपुर लिटिल मास्टर ऐश्वर्य शर्मा का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

समारोह में भरतपुर के शताब्दी पुरुष एवं पूर्व सांसद पंडित रामकृष्ण ने कहा कि जयशंकर टाईगर संस्थान भरतपुर जिले के खिलाड़ियों को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही है, संस्थान विगत 43 वर्षों से खिलाड़ियों में आत्मनिर्भरता विकसित करने में एक महती भूमिका अदा कर रही है। मथुरा प्रसाद पोद्दार आदर्श विद्या मंदिर भरतपुर की प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से खिलाड़ियों में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण होता है, मार्शल आर्ट से एकाग्रता, भाईचारा एवं राष्ट्रीयता की भावना जागृत होती है।आदर्श विद्या मंदिर की उप प्रधानाचार्य मंजू शर्मा ने कहा कि खेल प्रतिभा तो बहुत हैं उन्हें तराशने की जरूरत है, खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

## सार-समाचार

### विभिन्न मामलों में 16 जने गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। थाना सदर हिंडौन पुलिस ने एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही करते हुए 25 अगस्त को बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार और वांछित कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, दुष्कर्म के मामले में वर्ष 2024 से फरार चल रहे 5000 रुपये के इनामी आरोपी लोकेश जाटव को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह हत्या के मामले में वांछित और 5000 रुपये का इनामी चोमू उर्फ तपेंद्र को भी दबोच लिया गया। इसके अतिरिक्त थाना सदर पुलिस टीम ने 41 ठााम स्मैक के साथ दो तस्करों को मोटरसाइकिल सहित पकड़ा है। वहीं हत्या के प्रयास में वांछित तीन अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। इसी क्रम में पुलिस ने 11 अन्य असामाजिक तत्वों को 170 बीएनएसएस के तहत हिरासत में लिया है। इस प्रकार कुल 16 गिरफ्तारियां थाना सदर पुलिस द्वारा की गईं। इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र में आपराधिक तत्वों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि अपराध और नशे के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### पोस्टर का विमोचन

**रूपवास**, (निसं)। कस्बे के मेला मैदान के पास स्थित पंचायत समिति परिसर में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लखनपाल सिंह की मौजूदगी में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा रूपवास के पोस्टर हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान का विमोचन किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा रूपवास के तहसील अध्यक्ष प्रवीण कंसल ने बताया कि संघ का पोस्टर हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान का विमोचन पंचायत समिति परिसर व सीबीईओ लखनपाल सिंह के द्वारा किया गया। रूपवास ब्लॉक के सभी पीईईओ परिक्षेत्र में यह कार्यक्रम 1 सितंबर को प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक और शिक्षार्थियों द्वारा मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत विद्यालय को स्वच्छ हरित और प्रेरणा स्पद बनाना। विद्यालयों को संस्था नहीं बल्कि संस्कार सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाएंगे। इस अवसर पर श्याम सिंह एसीबीईओ प्रथम,कमल सिंह तंवर,लक्ष्मीकांत शर्मा,योगेश शर्मा,सौनू शर्मा,तारा सिंह आदि मौजूद थे।

### मिहिर भोज की जयंती मनाई

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। आज दिनांक 26 अगस्त 2025 को लक्ष्मी मोटर्स गुढ़ाचंद्रजी में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर सैकडों महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रद्युम्न सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। इसके साथ ही बने सिंह वकील, समाजसेवी राजेश जैन, उम्मेद सिंह राजपूत, शेर सिंह गुर्जर, लक्ष्मण सिंह खटाना सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। समारोह के दौरान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुर्जर समाज के इकलौते सम्राट मिहिर भोज का जीवन त्याग, पराक्रम और नेतृत्व का अद्वितीय उदाहरण है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रिहत में कार्य करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि सम्राट मिहिर भोज के आदर्शों और उनकी वीरगाथाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी रहे।

### जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संस्थान हिण्डौन सिटी की ओर से मंगलवार को उपखंड अधिकारी हिण्डौन सिटी के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में संवत्सरी महापर्व पर नगर परिषद क्षेत्र में सभी बूचडखानों, कत्लखानों तथा मांस, मछली एवं अंडे की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। जैन समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि दिनांक 18 अगस्त से 27 अगस्त तक चल रहे आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व के दौरान जैन समाज पूजा-पाठ एवं धार्मिक आराधना में लीन रहता है। इस दौरान समाज के लोग जीवों के प्रति करुणा और अहिंसा का भाव रखते हुए संवत्सरी के दिन मूक प्राणियों की हत्या नहीं होने देने की अपेक्षा रखते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए संवत्सरी के दिन बूचड़खानों और मांस बिक्री पर रोक की मांग की गई है। संस्थान के अध्यक्ष धर्मचंद जैन एवं मंत्री सुमत चंद जैन ने बताया कि राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग द्वारा पहले ही परिपत्र जारी कर पूरे प्रदेश में संवत्सरी के दिन मांस, अंडे की बिक्री और कत्लखानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।इस अवसर पर वर्धमान नगर संघ के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मुकेश जैन, संदीप जैन, रजत जैन, अजय जैन, विजय जैन, पंकज जैन, अमन एवं डॉ. रीतेश जैन सहित अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

### करंट से 10 वर्षीय बच्ची की मौत

**भरतपुर**, (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित अनाह गेट के कोली मोहल्ला में मंगलवार को करंट की चपेट में आने से 10 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और परिजनों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। जानकारी के अनुसार, कोली मोहल्ला निवासी हेमलता (10) पुत्री लालाराम और दिव्या (11) पुत्री मुकेश शाम करीब साढ़े चार बजे बारिश में भीगते हुए पास की दुकान पर टॉफी लेने जा रही थीं। इसी दौरान सड़क पर बने गड्ढे में करंट आने से दोनों उसकी चपेट में आ गईं। हेमलता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिव्या झटका लगते ही गड्ढे के बाहर गिर गई और घायल हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढे के पास लगे विद्युत पोल से करंट फैलने के कारण हादसा हुआ। परिजनों ने दोनों बच्चियों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हेमलता को मृत घोषित कर दिया। घायल दिव्या का इलाज जारी है। ठाामीणों और परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पहले भी इसी पोल में करंट आने से एक गौवंश की मौत हो चुकी थी, लेकिन शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। फिलहाल पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है और मृतका के परिवार की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। बीईएसएल बिजली कंपनी के पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि इसमें बीईएसएल की लापरवाही नहीं है। किसी व्यक्ति ने पानी की लाइन को खोदा है जिससे गड्ढा हुआ है बिजली की अंडरठााउंड लाइन में कट लगा है जिससे लाइन डेमेज हुई है। जिसके बाद बरसात आने के बाद गड्ढा में पानी भरने के साथ ही करंट भी फैला है जिससे हादसा हुआ है। हादसे के कारणों की जांच चल रही हैं वास्तविक रिपोर्ट जल्द ही पेश की जाएगी।

### स्कूल बैग व खाद्य सामग्री बांटी

**भरतपुर**, (निसं)। सखी सहेली ग्रुप की ओर से सुषमा गोयल की अध्यक्षता मे आओ कुछ अच्छा करें कार्यक्रम के अंतर्गत कुम्हेर गेट स्तिथ लव कुश अपार्टमेंट मे रूना गुलाटी द्वारा संचालित हेल्पिंग हैण्ड संस्था के गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है तथा बच्चों को आवश्यक्तानुसार पाठ्य सामग्री, कपडे, खाने पीने का समान इत्यादि भी आपसी सहयोग से प्रदान किया जाता है वहा लगभग 60 बच्चे वर्तमान मे निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे है आज सखी सहेली ग्रुप के सभी सदस्यों के सहयोग से बच्चों के लिए स्कूल बैग व कुछ खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संथापक शालिनी मित्तल ने बताया की सखी सहेली ग्रुप समय समय पर ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए सदैव अठासर रहती है, वहाँ पढ़ने वाले बच्चों ने देशभक्ति के गीतों पर अपनी बहुत सुन्दर प्रस्तुति प्रदान की जिसके लिए सीमा मित्तल ने सभी बच्चों को उपहार प्रदान किये बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### रेवई में रात्रि चौपाल आज

**करौली**, (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि 27 अगस्त बुधवार को सांय 6.30 बजे से हिण्डौन पंचायत समिति की ठााम पंचायत रेवई में में रात्रि चौपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी। साथ ही मौके पर अधिक से अधिक परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उन्होने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान



विद्या वैष्णव ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया।

**करौली**, (निसं)। करौली शहर निवासी विद्या वैष्णव प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ प्रतापगढ़, मन्दसौर,ओर नीमच इन तीन जिलों के 108 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान वैष्णव सेवा संघ एवम् वैष्णव बैरागी कोर कमेटी मंदसौर के तत्वाधान में अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व सतीश वैष्णव की स्मृति में वैष्णव समाज का चतुर्थ प्रतिभा सम्मान समारोह कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम मन्दसौर में आयोजित हुआ। बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत से ज्यादा अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों और समाज के भामाशाहों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनन्द मंदसौर, पूर्व राज्य मंत्री पंडित योगेन्द्र महंत, विद्या वैष्णव प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान,नरेन्द्र वैष्णव जिला महामंत्री बांसवाड़ा, महेश चन्द्र वैष्णव जयपुर ,प्रकाश वैष्णव युवा प्रदेश अध्यक्ष सेवा संघ आदि मौजूद रहे।

## शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए : अग्रवाल

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने नगर परिषद के समस्त विभाग में जाकर संबंधित कर्मचारियों के कार्य का निरीक्षण किया। समय अवधि के कार्य को पूर्ण कर पेंडिंग फाइलों को अति शीघ्र निस्तारण कर आम नागरिक को राहत देने के निर्देश दिए। साथ अनुपस्थित कार्मिकों की अनुपस्थिति लगाकर नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के लिए कहा।

नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने नगर परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिकार्डो की स्थिति देखी और परिषद कर्मचारियों से उनके काम के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि सभी कर्मचारी अपने पटल पर नियमित रूप से मौजूद रहे कार्यो का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें जनता के कार्यो को महत्व दें। नगर परिषद के कार्यालय में सभापति ने एक-एक कर्मचारी की सीट पर जाकर काम देखा। कहा कि



नगर परिषद में कार्यालयों का निरीक्षण करते सभापति।

यदि भविष्य में काम के समय में कोई कर्मचारी अपनी सीट पर नहीं मिले तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। नगर परिषद कार्यालय में आए किसी भी व्यक्ति को निराश नहीं लौटना है। कार्य दिवस के दौरान जो भी नगरवासी अपनी समस्या लेकर आएगा, उसकी समस्या पर विचार करके यथासंभव निराकरण भी कराया जाएगा। इस दौरान जो कार्मिक अनुपस्थित मिले उनकी अनुपस्थिति लगाकर उन्हें नोटिस देकर जवाब पेश करने के लिए कहा। इसके बाद नगर परिषद में ही बने मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना के कार्यालय में निरीक्षण किया वहां उपस्थित कार्मिकों से नरेगा कार्य की स्थिति के बारे में जाना एवं कहा कि मुझे प्रत्येक दिन की रिपोर्ट भेजे।

## सेंचुरी के विरोध में महापंचायत आज

**करौली**, (निसं)। भाजपा नेता सतवीर चंदेल के नेतृत्व में आज बुधवार को सेंचुरी के विरोध में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें कई गांव के लोग भाग लेंगे।

मंगलवार को सेंचुरी के विरोध में मासलपुर क्षेत्र के सकरघटा गांव में भाजपा नेता एवं समाजसेवी सत्यवीर चंदीला के नेतृत्व में महापंचायत आयोजित होगी इसके लिए करौली ,धौलपुर जिले के गांव गांव ढाणी ढाणी में पहुंचकर लोगों को पीले चावल बांटे गए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भामाशाह सतवीर चंदीला के नेतृत्व मे एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है।इस महापंचायत में मासलपुर क्षेत्र, डांग क्षेत्र, सपोटरा तथा करौली जिले के सभी गांवों के साथ-साथ धौलपुर से भी बडी संख्या में लोगों के उमड़ने की संभावना है। समाजसेवी लोकेन्द्र छावडी, पृहलाद मीणा तथा अन्य समाजसेवकों ने चौपालों पर बैठकों और गांव-गांव में पीले चावल बांटकर ठाामीणों को महापंचायत में आमंत्रित किया है। महापंचायत संयोजक सतवीर चंदीला ज ने अपने संबोधन में कहा कि यह महापंचायत किसानों की आवाज़ है और सेंचुरी के नाम पर उनकी पुश्तैनी जमीन छीनने का प्रयास किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। हम लोकतांत्रिक और गांधीवादी तरीके से संघर्ष करेंगे और जरूरत पडी तो सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। हमारी एकजुटता ही हमारी सबसे बडी ताकत है और इस संघर्ष में विजय निश्चित रूप से हमारी होगी इस अवसर पर ऊंचे का पुरा निवासी वीरेंद्र सिंह, ठेकेदार राम सिंह, महाराज सिंह फूल की झोपडी, राजेश फागना शकरघटा आदि मौजूद रहे।

## हिना सारस्वत को पीएचड़ी की उपाधि

**भरतपुर**,(निसं)। भरतपुर की हिना सारस्वत को पीएचडी की उपाधि मिली। भरतपुर के चांदपोल गेट नमक कटरा निवासी हिना सारस्वत ने राजस्थान विवि से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर गौरवान्वित किया है।

हिना वर्तमान में सिकंदराबाद (तेलंगाना) स्थित सरदार पटेल कॉलेज, बोटनी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे भरतपुर जिले का मान बढ़ाया है। हिना सारस्वत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद राजेंद्र सारस्वत की भतीजी हैं। मेहनत, लगन और समर्पण से प्राप्त यह सफलता क्षेत्र की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हिना ने साबित किया है कि लक्ष्य चाहे कितना भी बडा क्यों न हो, दृढ इच्छाशक्ति और परिश्रम से उसे अवश्य प्राप्त किया जा सकता है।

## प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन दिया

**भरतपुर**, (निसं)। विजयनगर कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरी सिंह कुंतल तथा समता आंदोलन के जिला अध्यक्ष केदारनाथ पाराशर के नेतृत्व में सारस सर्किल भरतपुर पर शहर की ओर जाने वाला रास्ता बैरिकेट्स लगाकर पुलिस द्वारा बंद करने पर रास्ता को खुलवाने के संबंध में प्रतिनिधि मंडल के द्वारा ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि छात्र-छात्राएं रोगी बीमार आदमियों को अस्पताल जाने धौलपुर तथा रूपबास तहसील से आने वाले व्यक्तियों का आवागमन रहता है सरस चौराहे से घना बर्ड सैंक्चुअरी के पास जाना फिर वापस आना 2 किलोमीटर का चक्कर पडता है।

## लोगों ने बाईपास का किया विरोध

**करौली**, (निसं)। करौली में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत एनएच-23 बाइपास निर्माण का स्थानीय निवासियों ने विरोध किया है। मंडरायल रोड स्थित गौतम बुद्ध नगर, मां वैष्णो नगर, दुर्गशी घटा और सहारियान का पुरा सहित कई कॉलोनियों के लोग इस परियोजना से प्रभावित होंगे।

उन्होने बताया कि वर्तमान सर्वे के अनुसार बाइपास रोड आबादी क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। इससे 300 से अधिक मकानों को तोड़ा जाना प्रस्तावित है। प्रभावित क्षेत्र के निवासी मुख्य रूप से मजदूर और किसान हैं। इन लोगों ने गांवों से अपनी जमीन बेचकर करौली शहर में मकान बनाए हैं।ठाामीणों का कहना है कि मंडरायल रोड के पास काफी सरकारी और खाली जमीन उपलब्ध है। इसके बावजूद सडक का मार्ग नगरीय आबादी से निकाला गया है। स्थानीय लोगों ने कलेक्टर करौली को ज्ञापन सौंपा है। उनकी मांग है कि सर्वे को निरस्त कर बाइपास को समीपवर्ती सरकारी जमीन या पहाड़ी क्षेत्र से निकाला जाए।प्रभावित लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन करेंगे।

## कार्यशाला का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। आमजन को अच्छे स्वास्थ्य एवं निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा लगाए जा रहे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं की वार्षिक श्रृंखला के अंतर्गत हृदय रोगों से बचाव एवं चिकित्सा में आयुर्वेद पद्धित की उपयोगिता पर कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह एवं उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर हृदय रोगों से बचाव में ध्यान देने योग्य बातों के फोल्डर का विमोचन किया गया एवं आमजन को हृदय रोगों से बचाव हेतु संतुलित खान-पान में संयमित जीवन शैली के प्रति जागरूक करने हेतु समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करने एवं जगह जगह हृदय रोगों से बचाव हेतु सचित्र प्रदर्शनी लगाने का संकल्प लिया गया।

## गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयन्ती मनाई

**भरतपुर**, (निसं)। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा गुर्जर छात्रावास पर जिलाध्यक्ष राजवीर घसौला की अध्यक्षता में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालकिशन थानेदार व शिवसिंह दायमा जिलाध्यक्ष इंटक थे एवं विशिष्ट अतिथि भरत खटाना, जनक विधूडी, अजब सिंह पार्षद, सुघड सिंह अध्यापक उच्चौन, बल्लो पहलवान थे।

कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर की गईं । इस कार्यक्रम के जिला संयोजक जसवंत दारापुरिया थे। जिलाध्यक्ष राजवीर घसौला ने कहा कि गुर्जर प्रतिहार वंश के गुर्जर सम्राट मिहिर भोज महाप्रतापी राजा थे जिनके शासनकाल में विदेशी अरबी आक्रांताओं के पैर भारत में नहीं टिकने दिये जिनकी फौज 45 लाख थी उन्हें हिन्दू धर्मरक्षक कहा जाता है। मुख्य अतिथि शिवसिंह दायमा ने कहा कि



भरतपुर में गुर्जर छात्रावास पर गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयन्ती मनाई।

अच्छा समाज बनाने के लिए बच्चों को पढायें । बालकिशन थानेदार ने कहा कि कर्नल साहब आज याद आते हैं उन्होंने एक बात समाज के लिए कही थी कि अच्छी शिक्षा, पढी लिखी मॉ, कर्ज मुक्त समाज चाहिय। सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये व सम्राट मिहिर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में शहरी व ग्रामीण लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें गिर्राज सिंह खटाना, वीरेन्द्र वैरखो, सिया चौकीपुरा, राजपाल सिंह, बबली धाऊ, गोपाल सिंह पार्षद, लखन सिंह, जगनाथ घसौला,योगेन्द्र गुण्डवा, विष्णु बुरावई, जसवंत लुहारा, राजू मालीपुरा, रजनी कुमारी, सचिन, बंटू सिंह, गुलाब सिंह, देवेन्द्र एडवोकेट बंजी, तारासिंह एडवोकेट सफेद कोठी आदि मौजूद रहे।

## शिविर कल

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा के तत्वाधान में शुक्रवार को पेंशनर्स की समस्याओ के समाधान के लिए कोष कार्यालय सवाईमाधोपुर पर शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय भरतपुर के अधिकारी मोके पर ही समस्याओ का समाधान करेंगे।

आम सूचना

हरखास आम को सूचित किया जाता है कि मैं पुरूषोत्तम व मेरी पत्नि शारदा निवासी मैडी हाल हिण्डौन सिटी अपने पुत्र पिन्टू लाल गुप्ता को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। भविष्य में पिन्टूलाल गुप्ता से पिता पुत्र के सम्बन्ध समाप्त करते है। पिन्टूलाल गुप्ता द्वारा पूर्व या भविष्य में किसी से किये गये लेनदेन का हमारा कोई सम्बन्ध नही है।